रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीoईoएनo ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

# CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 09/08/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **बोहर के परमाणु मॉडल के अनुसार, इलेक्ट्रॉनों के विविक्त कक्षकों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**

Ans A). विविक्त कक्षाओं में परिक्रमण करते समय, इलेक्ट्रॉन ऊर्जा का विकिरण चरघातांकी रूप से करते हैं

B). विविक्त कक्षाओं को ऊर्जा स्तर भी कहा जाता है

C). विविक्त कक्षाओं में परिक्रमण करते समय, इलेक्ट्रॉन ऊर्जा का विकिरण नहीं करते हैं

D). इलेक्ट्रॉनों की विविक्त कक्षाएं परमाणु के भीतर अनुमत कुछ निश्चित विशेष कक्षाएं होती हैं

Correct Answer: A

**Q.2** **हीरे का निरपेक्ष अपवर्तनांक 2.42 है। यदि निर्वात में प्रकाश की चाल $3 \times 10^8$ m/s है, तो कौन-सा मान हीरे में प्रकाश की चाल का सर्वोत्तम रूप से आकलन करता है?**

Ans A). $1 \times 10^8$ m/s

B). $1.24 \times 10^8$ m/s

C). $2 \times 10^8$ m/s

D). $1.5 \times 10^8$ m/s

Correct Answer: B

**Q.3** **एक रोलर कोस्टर कार अपने ट्रैक के उच्चतम बिंदु पर है और नीचे उतरने ही वाली है। यदि ऊँचाई और गुरुत्व को नियत रखते हुए कार और उसके यात्रियों का द्रव्यमान दोगुना कर दिया जाए, तो मूल परिदृश्य की तुलना में शीर्ष पर गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा क्या होगी?**

Ans A). गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा अपरिवर्तित रहेगी

B). गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा दोगुनी हो जाएगी

C). गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा चार गुनी हो जाएगी

D). गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा आधी हो जाएगी

Correct Answer: B

**Q.4** **कठोर जल में साबुन कम प्रभावी क्यों होता है?**

Ans A). साबुन अपनी ध्रुवीयता का त्याग कर देता है

B). साबुन शीघ्रता से वाष्पित हो जाता है

C). साबुन अघुलनशील पृष्ठमल का निर्माण करता है

D). साबुन अम्लीय हो जाता है

Correct Answer: C

**Q.5** **धातुओं के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा भौतिक गुणधर्म सत्य है?**

Ans A). धातुएं चमकदार होती हैं और विद्युत की सुचालक होती हैं।

B). धातुएं, कक्ष तापमान पर ठोस होती हैं।

C). धातुएं, ऊष्मा की अल्प चालक होती हैं।

D). धातुएं भंगुर होती हैं और आसानी से टूट जाती हैं।

Correct Answer: A

**Q.6** **एक चिकित्सा प्रयोगशाला एक रोगी के प्रतिदर्श (sample) में जीवाणु का पता लगाती है। वर्गीकरण प्रणाली के ऐतिहासिक विकास के अनुसार, तीन जगत प्रणाली प्रस्तावित होने के ठीक बाद जीवाणु को किस जगत में रखा गया होगा?**

Ans A). मोनेरा

B). प्रोटिस्टा

C). प्लांटी

D). ऐनिमेलिया

Correct Answer: B

**Q.7** **तंत्रिका ऊतक से संबंधित गलत कथन की पहचान कीजिए।**

Ans A). तंत्रिका ऊतक की कोशिकाओं को वृक्काणु कहा जाता है।

B). तंत्रिकाक्ष तंत्रिका ऊतक का एकल, लंबा खंड है।

C). तंत्रिकावेग ऐसे संकेत हैं जो तंत्रिका तंतुओं के साथ संचरित होते हैं।

D). तंत्रिका ऊतक में मेरुरज्जु शामिल होता है।

Correct Answer: A

**Q.8 यदि किसी पिंड का द्रव्यमान दोगुना कर दिया जाए और त्वरण नियत रहे, तो बल क्या होगा?**

Ans A). समान रहेगा B). चार गुना हो जाएगा C). आधा हो जाएगा D). दोगुना हो जाएगा

Correct Answer: D

**Q.9 हमारे द्वारा की गई कौन-सी कार्रवाई प्रत्यक्ष रूप से जैविक आवर्धन (biological magnification) को कम कर सकती है?**

Ans A). कटाई के बाद फसल के अवशेषों को जलाना B). फसलों पर रासायनिक पीड़कनाशकों का उपयोग कम करना C). उपयोग करने से पहले अनाज को अच्छी तरह धो लेना D). अनाज के स्थान पर मांस खाना

Correct Answer: B

**Q.10 जे.जे. थॉमसन के प्रायोगिक मॉडल ने ____________ का प्रस्ताव दिया।**

Ans A). इलेक्ट्रॉन की खोज B). न्यूट्रॉन की खोज C). प्रोटॉन की खोज D). नाभिक की खोज

Correct Answer: A

**Q.11 पादपों में सुक्रोज किस प्राथमिक प्रक्रिया द्वारा फ्लोएम ऊतक में प्रवेश करता है?**

Ans A). अर्द्ध-पारगम्य झिल्ली के माध्यम से परासरण B). वाहक प्रोटीन के माध्यम से सुगम विसरण C). प्रवणता के अनुदिश सरल विसरण D). ATP से ऊर्जा के साथ सक्रिय परिवहन

Correct Answer: D

**Q.12 वायु के माध्यम से गमन करने वाली ध्वनि तरंग में संपीडन और विरलन का निर्माण कैसे होता है?**

Ans A). जैसे-जैसे तरंग गुजरती है, वायु में मौजूद कण सर्पिल पैटर्न में गति करते हैं B). वायु में मौजूद कण एक साथ गुच्छित होते हैं और बारी-बारी से प्रसारित होते हैं C). वायु में मौजूद कण स्थायी रूप से टकराते हैं और एक साथ चिपक जाते हैं D). वायु में मौजूद कण सभी समय समान दूरी बनाए रखते हैं

Correct Answer: B

**Q.13 मानव हृदय में अलग-अलग कक्ष (chambers) होने का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

Ans A). गैसीय विनिमय के लिए रक्त को विशेष रूप से फेफड़ों की ओर पंप करना B). विश्राम की अवधि के दौरान अतिरिक्त रक्त के लिए भंडारण प्रदान करना C). ऑक्सीजन युक्त और कार्बन डाइऑक्साइड युक्त रक्त के मिश्रण को रोकना D). दैहिक शिराओं में स्थिर रक्तदाब बनाए रखना

Correct Answer: C

**Q.14 हाइड्रोक्लोरिक अम्ल और सोडियम हाइड्रॉक्साइड विलयनों की कौन-सी सामान्य विशेषता, जल के pH को बदलने और विद्युत का चालन करने, उनकी दोनों क्षमताओं की व्याख्या करती है?**

Ans A). दोनों जलीय विलयन में आयन उत्पन्न करते हैं B). दोनों का स्वाद खट्टा होता है C). दोनों का pH मान 7 से कम होता है D). दोनों नीले लिटमस को लाल कर देते हैं

Correct Answer: A

**Q.15 एक विद्यार्थी एक ऐसा डिवाइस डिजाइन करना चाहता है जो दी गई बैटरी और समय के लिए अधिकतम ऊष्मा उत्पन्न करे। विद्यार्थी को किस विन्यास का चयन करना चाहिए?**

Ans A). प्रतिरोध बदले बिना अधिक बैटरियां जोड़ना B). शून्य प्रतिरोध वाली बैटरी को लघु-पथ करना C). अत्यंत निम्न प्रतिरोध मान वाले प्रतिरोधक का उपयोग करना D). उच्चतम संभव प्रतिरोध मान वाले प्रतिरोधक का उपयोग करना

Correct Answer: C

**Q.16 किसी वस्तु की स्थितिज ऊर्जा का संख्यात्मक मान किस SI मात्रक में मापा जाता है?**

Ans A). पास्कल (Pa) B). वाट (W) C). न्यूटन (N) D). जूल (J)

Correct Answer: D

**Q.17 खाद्य श्रृंखला: घास → टिड्डा → मेंढक → सर्प → गरुड़ में, DDT का संचय सर्वाधिक ___________ में होगा।**

Ans A). गरुड़ B). टिड्डा C). मेंढक D). घास

Correct Answer: A

**Q.18 तत्वों के अणुओं के संदर्भ में, कौन-सा कथन परमाणुकता शब्द की सही व्याख्या करता है?**

Ans A). यह एक अणु में उपस्थित परमाणुओं की संख्या है B). यह किसी परमाणु में उपस्थित कोशों की संख्या है C). यह किसी तत्व में इलेक्ट्रॉनों की संख्या है D). यह एक अणु में उपस्थित परमाणुओं का कुल द्रव्यमान है

Correct Answer: A

**Q.19 निम्नलिखित में से कौन-सा मूलभूत परिवर्तन, अपघटन अभिक्रिया को अन्य प्रकार की रासायनिक अभिक्रियाओं से पृथक करता है?**

Ans A). दो पदार्थों के संयोजन से एक पदार्थ का निर्माण B). एक यौगिक का सरल पदार्थों में टूटना C). विलयन में आयनों का विनिमय D). एक तत्व द्वारा दूसरे तत्व का प्रतिस्थापन

Correct Answer: B

**Q.20** विज्ञान के एक विद्यार्थी से यह स्पष्ट करने के लिए कहा जाता है कि भारतीय भू-दृश्य में उच्च जैव-विविधता क्यों पाई जाती है। कौन-सा स्पष्टीकरण पर्यावास विविधता और स्थानिकता की अवधारणाओं को सर्वोत्तम रूप से एकीकृत करता है?

**Ans** A). अनन्य कृषि से प्रजातियों की विविधता में वृद्धि होती है
B). एकल जलवायु प्रजातियों की एकरूपता को बढ़ावा देती है
C). विविध पर्यावास कई स्थानिक प्रजातियों के लिए परिस्थितियाँ सृजित करते हैं
D). केवल मरुस्थलों पर फोकस करने से विविधता में वृद्धि होती है

**Correct Answer: C**

**Q.21** एक रोगी को बाह्य शरीर आवरण में गंभीर क्षति के बाद बार-बार त्वचा संक्रमण हो रहा है। किस ऊतक के प्रभावित होने की सर्वाधिक संभावना है?

**Ans** A). संयोजी ऊतक B). पेशी ऊतक C). तंत्रिका ऊतक D). उपकला ऊतक

**Correct Answer: D**

**Q.22** एक उत्तल लेंस अपने प्रकाशिक केंद्र से 30 cm की दूरी पर एक वास्तविक प्रतिबिंब बनाता है। वस्तु लेंस से 20 cm की दूरी पर रखी है। चिह्न परिपाटी का उपयोग करते हुए, लेंस की फोकस दूरी के लिए सही चिह्न और मान क्या है?

**Ans** A). +60 cm B). +12 cm C). -60 cm D). -12 cm

**Correct Answer: B**

**Q.23** द्वि-विमीय गति में विस्थापन सदिश क्या निरूपित करता है?

**Ans** A). वस्तु द्वारा अनुसरण किया गया पथ B). वस्तु की औसत चाल C). प्रारंभिक बिंदु से अंतिम बिंदु तक स्थिति में परिवर्तन D). पथ के अनुदिश तय की गई दूरी

**Correct Answer: C**

**Q.24** यदि 4 Ω और 6 Ω के दो प्रतिरोधों को समांतर क्रम में जोड़ा जाए, तो तुल्य प्रतिरोध __________ होगा।

**Ans** A). 4 Ω और 6 Ω के बीच B). 6 Ω से अधिक C). 10 Ω के बराबर D). 4 Ω से कम

**Correct Answer: D**

**Q.25** यौगिक $CH_3$-$CH_2$-CHO का सही IUPAC नाम क्या है?

**Ans** A). प्रोपेनोन (Propanone) B). प्रोपेनल (Propanal) C). प्रोपेनोइक अम्ल (Propanoic acid) D). प्रोपेनॉल (Propanol)

**Correct Answer: B**

**Q.26** एक कार एकसमान चाल से चलते हुए एक निश्चित दूरी को 5 घंटे में तय करती है। यदि चाल 10 km/hr अधिक होती, तो उसे 1 घंटा कम लगता। कार की वास्तविक चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 37 km/hr B). 42 km/hr C). 40 km/hr D). 45 km/hr

**Correct Answer: C**

**Q.27** AA' और BB' दो समांतर सीधी रेखाएँ हैं। CC' एक तिर्यक रेखा है जो AA' और BB' को क्रमशः D और E बिन्दुओं पर काटती है। यदि $\angle B'EC' = 127^\circ$ है और $\angle CDA' = (7x - 3)^\circ$ है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 8 B). 6 C). 7 D). 5

**Correct Answer: A**

**Q.28** यदि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है, तो ₹81,250 की धनराशि पर 8% वार्षिक ब्याज दर से 1.5 वर्ष में प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹10,045.10 B). ₹10,245.30 C). ₹10,345.40 D). ₹10,145.20

**Correct Answer: D**

**Q.29** दिया गया है कि, $39^{0.66} = x$, $39^{0.23} = y$ और $x^z = y^2$, तो z का मान निम्नलिखित में से किसके निकटतम होगा?

**Ans** A). 0.12 B). 0.69 C). 0.64 D). 1.62

**Correct Answer: B**

**Q.30** एक घनाभ की लंबाई और चौड़ाई बराबर है तथा उसकी ऊँचाई 32 cm है। यदि घनाभ का आयतन 2048 $cm^3$ है, तो घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1024 B). 1225 C). 1296 D). 1152

**Correct Answer: D**

**Q.31** अरविंद, किसी वस्तु को ₹x में खरीदता है। वह इसे बीरू को 5% की हानि पर बेचता है। बीरू इसके परिवहन पर ₹152 खर्च करता है और इसे मीनू को 56% के लाभ पर बेचता है। यदि मीनू इसे ₹1,482 में खरीदती है, तो x का मान कितना होगा?

**Ans** A). 880 B). 820 C). 860 D). 840

**Correct Answer: D**

Q.32 एक इमारत समतल जमीन पर खड़ी है और इमारत के शीर्ष पर एक ऊर्ध्वाधर फ्लैगस्टाफ लगा हुआ है। इमारत के पाद से 30 m दूर स्थित एक बिंदु से इमारत के शीर्ष का उन्नयन कोण 30° है, जबकि फ्लैगस्टाफ के शीर्ष का उन्नयन कोण 60° है। फ्लैगस्टाफ की ऊंचाई (m में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\frac{40}{\sqrt{3}}$ B). $20\sqrt{3}$ C). $40\sqrt{3}$ D). $60\sqrt{3}$

Correct Answer: B

Q.33 यदि 15, 45, 24 किसी समानुपात के प्रथम तीन पद हैं, तो चौथा पद ज्ञात कीजिए।

Ans A). 74 B). 72 C). 68 D). 75

Correct Answer: B

Q.34 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्त्य क्रमशः 16 और 96 है। यदि इनमें से एक संख्या 48 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). 32 B). 30 C). 28 D). 34

Correct Answer: A

Q.35 यदि 1.2, 1.8, 2.7 और x समानुपात में हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 4.05 B). 3.05 C). 4.55 D). 3.55

Correct Answer: A

Q.36 यदि $\cot A = \frac{P}{Q}$ और A एक न्यूनकोण है, तो $\frac{1}{2}(P\sec A + Q\operatorname{cosec} A)^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $2(P^2 + Q^2)$ B). $\frac{(P^2 + Q^2)}{2}$ C). $\sqrt{(P^2 + Q^2)}$ D). $(P^2 + Q^2)$

Correct Answer: A

Q.37 चार दुकानों I, II, III और IV पर एक कुकर का अंकित मूल्य समान है। दुकान I द्वारा उस पर 13% और 60% की दो क्रमिक छूट, दुकान II द्वारा 56% और 12% की क्रमिक छूट, दुकान III द्वारा 60% और 28% की क्रमिक छूट तथा दुकान IV द्वारा 33%, 16% और 89% की क्रमिक छूट दी जाती है। कौन-सी दुकान सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

Ans A). IV B). I C). II D). III

Correct Answer: A

Q.38 एक पात्र में 26 लीटर दूध है। इस पात्र से 13 लीटर दूध निकाल कर, उसके स्थान पर पानी मिलाया गया। इस प्रक्रिया को एक बार और दोहराया गया। पात्र में अब कितना दूध है?

Ans A). 4.5 लीटर B). 5.5 लीटर C). 3.5 लीटर D). 6.5 लीटर

Correct Answer: D

Q.39 एक स्टोर एक जैकेट की कीमत ₹1,200 से बढ़ाकर ₹1,440 कर देता है, फिर एक ऐसा छूट देता है जिससे कीमत घटकर ₹1,296 हो जाती है। मूल कीमत से अंतिम कीमत में समग्र प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

Ans A). 8% की कमी B). 8% की वृद्धि C). 10% की कमी D). 10% की वृद्धि


Correct Answer: B

Q.40 अब से आठ वर्ष बाद, राजीव की आयु सुमित की आयु की दोगुनी होगी। चार वर्ष पहले, उसकी आयु सुमित की आयु की छह गुना थी। अब से 10 वर्ष बाद सुमित की आयु ज्ञात कीजिए।

Ans A). 19 वर्ष B). 21 वर्ष C). 17 वर्ष D). 16 वर्ष

Correct Answer: C

**Q.41** दिए गए बार ग्राफ में विभिन्न महीनों में एक दुकान द्वारा बेची गई पुस्तकों की संख्या दर्शाई गई है। जनवरी से मई तक बेची गई पुस्तकों की संख्या में कितनी वृद्धि हुई?




**Ans** A). 120 B). 130 C). 125 D). 140

**Correct Answer: A**

**Q.42** 6, 33, 42, 114, 210 का म.स.प. (HCF) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 3 B). 7 C). 1 D). 2

**Correct Answer: A**

**Q.43** कोई धनराशि 20% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 5 वर्षों में ₹56,000 हो जाती है। वह धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 25,000 B). 35,000 C). 28,000 D). 31,000

**Correct Answer: C**

**Q.44** तीन धात्विक घन, जिनकी कोरें क्रमशः 3 cm, 4 cm और 5 cm हैं, को पिघलाकर एक बड़ा घन बनाया जाता है। फिर इस नए घन को इसके फलकों में किसी एक फलक के समानांतर एक समतल द्वारा दो एकसमान घनाभों में काटा जाता है। तीनों मूल घनों के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल और दो नए घनाभों के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 25 : 24 B). 24 : 25 C). 5 : 4 D). 50 : 49

**Correct Answer: A**

**Q.45** 62 km/hr की चाल से गतिमान 320 m लंबी एक ट्रेन, समांतर पटरियों पर विपरीत दिशा में 46 km/hr की चाल से गतिमान दूसरी ट्रेन को पार करने में 16 सेकंड का समय लेती है। दूसरी ट्रेन की लंबाई (m में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 200 B). 220 C). 160 D). 180

**Correct Answer: C**

**Q.46** यदि किसी शहर की जनसंख्या एक वर्ष में 70,000 से बढ़कर 71,435 हो जाती है, तो जनसंख्या में प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 2.15% B). 2.25% C). 2.05% D). 2.0%

**Correct Answer: C**

**Q.47** एक विद्यालय में दसवीं कक्षा के 30 विद्यार्थियों द्वारा 100 अंकों के गणित के पेपर में प्राप्त अंक निम्नलिखित तालिका में दिए गए हैं। आँकड़ों का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

| वर्ग अंतराल | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| 10 – 25 | 2 |
| 25 – 40 | 3 |
| 40 – 55 | 7 |
| 55 – 70 | 6 |
| 70 – 85 | 6 |
| 85 - 100 | 6 |

**Ans** A). 65 B). 62 C). 76 D). 72

**Correct Answer: B**

**Q.48** यदि निम्नलिखित बंटन का माध्य 66 है, तो (5x + 3y) का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 7 | 20 | x | 8 | y | 85 |

**Ans** A). 159 B). 166 C). 141 D). 156

**Correct Answer: D**

**Q.49** पाइप A एक टंकी को 3 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टंकी को 18 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टंकी को 9 घंटे में भर सकता है। यदि तीनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो उसी टंकी का आधा हिस्सा भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

**Ans** A). 3 B). 2 C). 1 D). 4

**Correct Answer: C**

**Q.50** प्रवीण के पास ₹1,701 हैं, जिन्हें वह अपने दो पुत्रों, ऋषि और शान के बीच बाँट देता है। वह उनसे अपने संबंधित हिस्सों को वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश करने के लिए कहता है। यह देखा गया कि 17 वर्षों के बाद ऋषि का निवेश, 18 वर्षों के बाद शान के निवेश के बराबर है। प्रवीण द्वारा ऋषि को दी गई धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 810 B). 741 C). 891 D). 910

**Correct Answer: C**

**Q.51** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'Eq – Vc + Tg # Yk % Np' हो, तो Yk का Eq से क्या संबंध है?

**Ans** A). बहन की पुत्री B). पत्नी का भाई C). बहन का पति D). माता का भाई

**Correct Answer: C**

**Q.52** निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल अंक वाली संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) P C ? J 8 * \ & / W ? 3 6 R M G V R 4 T M Z J S (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक संख्या है?

**Ans** A). एक B). तीन C). दो D). एक भी नहीं

**Correct Answer: A**

**Q.53** यदि × का अर्थ – है, ÷ का अर्थ × है, + का अर्थ ÷ है और – का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

2 ÷ 6 × 15 + 3 – 5 = ?

**Ans** A). 14 B). 13 C). 15 D). 12

**Correct Answer: D**

**Q.54** प्रियांशु बिंदु A से चलना शुरू करता है और वह दक्षिण दिशा में 17 km चलता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है, 12 km चलता है, और वह फिर दाएँ मुड़कर 24 km चलता है। इसके बाद वह फिर दाएँ मुड़कर 19 km चलता है। अंत में वह दाएँ मुड़कर 7 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

**Ans** A). 7 km, पूर्व दिशा में B). 7 km, पश्चिम दिशा में C). 9 km, पूर्व दिशा में D). 9 km, पश्चिम दिशा में

**Correct Answer: B**

**Q.55** एक निश्चित कूट भाषा में, 'DPKA' को '44' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'QZGK' को '73' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'RZOI' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans** A). 88 B). 71 C). 69 D). 80

**Correct Answer: D**

**Q.56** एक निश्चित तरीके से TQ 13 का संबंध YV 6 से है। उसी तरह, LI 18 का संबंध QN 11 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NK 22 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

**Ans** A). TQ 13 B). SP 15 C). QN 18 D). SQ 15

**Correct Answer: B**

**Q.57** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करने पर, 21 का संबंध 86 से है। उसी तर्क का अनुसरण करने पर, 29 का संबंध 118 से है। समान तर्क का अनुसरण करने पर, 33 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 130 B). 132 C). 134 D). 136

**Correct Answer: C**

Q.58 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

141 118 96 75 55 ?

Ans A). 32 B). 36 C). 46 D). 43

Correct Answer: B

Q.59 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). EF − IM B). RS − WX C). AB − FG D). VW − AB

Correct Answer: A

Q.60 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन: कुछ मछलियाँ, व्हेल हैं। कोई भी व्हेल, ऑक्टोपस नहीं है।
निष्कर्ष (I): कुछ मछलियाँ, ऑक्टोपस हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ व्हेल, मछलियाँ हैं।

Ans A). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं B). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

Correct Answer: D

Q.61 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : RSU :: HIK : %

Ans A). # = NOQ , % = LKO B). # = NOQ , % = LSD C). # = NOQ , % = LUO D). # = NOQ , % = LMO

Correct Answer: D

Q.62 S, T, U, V, Y और Z एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। S के ऊपर केवल T रहता है। S के ठीक नीचे Y रहता है। Z के नीचे केवल U रहता है।
तीसरे तल पर कौन रहता है?

Ans A). Z B). V C). S D). U

Correct Answer: B

Q.63 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चय की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
101 - 90
43 - 32

Ans A). 47 - 37 B). 82 - 71 C). 65 - 55 D). 99 - 89

Correct Answer: B

Q.64 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

FON MEN OPS PVT

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans A). तीन B). एक C). चार D). दो

Correct Answer: B

Q.65 यदि + का अर्थ − है, − का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1125 − 5 ÷ 314 + 224 × 4 = ?

Ans A). 5381 B). 5533 C). 5883 D). 5183

Correct Answer: C

Q.66 शब्द CONCEPT के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाएं से चौथे अक्षर और दाएं से दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 0 B). 3 C). 1 D). 2

Correct Answer: C

Q.67 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A − B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'S + E − W × T ÷ N' है, तो S का N से क्या संबंध है?

Ans A). बहन B). माता की बहन C). माता की माता D). माता

Correct Answer: B

Q.68 शब्द COLLEGE के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, बाएं से तीसरे स्थान पर होगा?

Ans A). F B). P C). B D). K

Correct Answer: D

Q.69 सात बॉक्स I, J, K, Q, R, S और T एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हों। J और I के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल K को R के ऊपर रखा गया है। R और I के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। Q को S के नीचे किसी स्थान पर लेकिन T के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।
कौन-सा डिब्बा T के ऊपर दूसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans A). I B). J C). S D). Q

Correct Answer: B

Q.70 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) H R I F K R L L J W K L G O Q G Q X M P U (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में एक व्यंजन है?

Ans A). एक भी नहीं B). एक C). तीन D). दो

Correct Answer: D

Q.71 सात व्यक्ति D, H, J, L, S, T और Y, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं।
S और J के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। H के दाईं ओर केवल L बैठा है। J और H के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। D, T के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन Y के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।
H के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). दो B). चार C). तीन D). पाँच

Correct Answer: D

Q.72 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). HEZ B). EAW C). LHD D). TPL

Correct Answer: A

Q.73 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

BAS HIS JEM BOL

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है।
इस प्रकार निर्मित कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans A). एक B). तीन C). चार D). दो

Correct Answer: A

Q.74 A, G, H, P, S और Y एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, इसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
P और S के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। H से ऊपर केवल G रहता है। Y किसी सम-क्रमांक वाले तल पर रहता है। P सबसे निचले तल पर रहता है।
A और G के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans A). चार B). तीन C). दो D). एक

Correct Answer: C

Q.75 सात विद्यार्थी, I, J, K, P, Q, R और Z, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
K और Q के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। K के दाईं ओर से गिनती करने पर, K और R के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R और J के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Z, I के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
P के बाईं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans A). Z B). R C). K D). I

Correct Answer: A

**Q.76** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़िए तथा उचित उत्तर का चयन कीजिए।
5 छड़ियों, U, R, N, S और T में से प्रत्येक की ऊँचाई अलग-अलग है, कौन-सी छड़ी सबसे छोटी है?

(I) T केवल दो छड़ियों से लंबी है। S, T से लंबी है लेकिन N से छोटी है।
(II) U, R से लंबी है।

Ans A). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
B). केवल कथन II का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I का डेटा नहीं है
C). कथन I और II दोनों एक साथ (और केवल कथन 1 या कथन II अकेले नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
D). कथन I का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II का डेटा नहीं है

Correct Answer: C

**Q.77** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
MTX LSW KRV JQU ?

Ans A). HPT B). HOS C). IOV D). IPT

Correct Answer: D

**Q.78** नीचे दी गई संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 5 @ % & 2 7 & 4 Ω 3 & 8 1 % 6 * 9 # £ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद में एक विषम संख्या है?

Ans A). तीन B). एक भी नहीं C). एक D). दो

Correct Answer: D

**Q.79** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए के पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : TNQ :: SMP : %

Ans A). # = ION, % = VDF B). # = QUI, % = BVS C). # = QQN, % = VPP D). # = QKN, % = VPS

Correct Answer: D

**Q.80** यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
26 - 6 ÷ 34 + 40 × 8 = ?

Ans A). 195 B). 135 C). 155 D). 185

Correct Answer: D

**Q.81** फरवरी 2026 में, इंडिया AI इम्पैक्ट समिट ने प्रत्येक नागरिक को "AI-रेडी (AI-ready)" बनाने पर बल दिया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्या था?

Ans A). डिजिटल कौशल और तकनीक पहुंच को बढ़ावा देना B). संचार नेटवर्क को सैटेलाइट से बदलना C). ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना
D). आयातित सॉफ्टवेयर पर निर्भरता बढ़ाना

Correct Answer: A

**Q.82** केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित किस स्कीम का उद्देश्य विशेष रूप से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी औद्योगिक इकोसिस्टम बनाना था?

Ans A). कंटेनर विनिर्माण स्कीम (Container Manufacturing Scheme) B). भारत निर्यात कनेक्टिविटी पहल (Bharat Export Connectivity Initiative)
C). राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स प्रतिस्पर्धात्मकता कार्यक्रम (National Logistics Competitiveness Programme)
D). एकीकृत माल ढुलाई अवसंरचना मिशन (Integrated Freight Infrastructure Mission)

Correct Answer: A

**Q.83** केंद्रीय बजट 2026-27 के अनुसार, नव प्रस्तावित "खेलो इंडिया मिशन" का उद्देश्य भारत के खेल इकोसिस्टम को किस अवधि तक रूपांतरित करना है?

Ans A). अगले पांच वर्ष B). अगले सात वर्ष C). अगले दस वर्ष D). अगले पंद्रह वर्ष

Correct Answer: C

**Q.84** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने विश्व भर से भारतीय मूल के शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और नवप्रवर्तकों को आकर्षित करने के लिए जून 2026 में PMRC योजना लॉन्च की। PMRC का पूर्ण रूप क्या है?

Ans A). Prime Minister Research Conference (प्राइम मिनिस्टर रिसर्च कॉन्फ्रेंस) B). Prime Minister Research Chair (प्राइम मिनिस्टर रिसर्च चेयर)
C). Prime Minister Research Channel (प्राइम मिनिस्टर रिसर्च चैनल) D). Prime Minister Research Center (प्राइम मिनिस्टर रिसर्च सेंटर)

Correct Answer: B

**Q.85** **2026 के बजट सत्र के दौरान, राज्यसभा में निम्नलिखित में से कौन-सा विधेयक पेश किया गया था?**

Ans A). केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 B). कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026
C). विदेशी अभिदाय (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 D). औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026

Correct Answer: A

**Q.86** **2026 एशियन बीच गेम्स (अप्रैल 2026 में) चीन के किस शहर में आयोजित किए गए थे?**

Ans A). हाइकोऊ (Haikou) B). सान्या (Sanya) C). शेन्ज़ेन (Shenzhen) D). किंगदाओ (Qingdao)

Correct Answer: B

**Q.87** **अक्टूबर 2025 में पर्थ, ऑस्ट्रेलिया में भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास "AUSTRAHIND" का कौन-सा संस्करण आयोजित किया गया था?**

Ans A). तीसरा संस्करण B). पांचवां संस्करण C). दूसरा संस्करण D). चौथा संस्करण

Correct Answer: D

**Q.88** **उस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का नाम क्या था जिसके अंतर्गत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 27 नवंबर, 2025 से 8 मार्च, 2026 तक 100 दिवसीय अभियान चलाया?**

Ans A). मिशन शक्ति (Mission Shakti) B). बाल विवाह मुक्त भारत (Bal Vivah Mukt Bharat) C). बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (Beti Bachao Beti Padhao)
D). पोषण अभियान (POSHAN Abhiyaan)

Correct Answer: B

**Q.89** **एक्सटेरा रोबोटिक्स (xTerra Robotics) द्वारा विकसित लेग्ड मोबाइल मैनिपुलेटर SCORP को, 2026 में किस शैक्षणिक संस्थान में इनक्यूबेट किया गया था?**

Ans A). IIT रुड़की B). IIT कानपुर C). IIT मद्रास D). IIT दिल्ली

Correct Answer: B

**Q.90** **मिलान और कॉर्टिना डी'अम्पेज़ो (Milan and Cortina d'Ampezzo), इटली (6-22 फरवरी) में आयोजित, 2026 विंटर ओलंपिक में कौन-सा देश पदक तालिका में शीर्ष पर रहा?**

Ans A). नॉर्वे (Norway) B). जर्मनी (Germany) C). संयुक्त राज्य अमेरिका (United States) D). इटली (Italy)

Correct Answer: A

**Q.91** **16वें वित्त आयोग के वह अध्यक्ष कौन थे, जिनकी रिपोर्ट फरवरी 2026 में संसद के पटल (tabled) पर रखी गई थी?**

Ans A). मोंटेक सिंह अहलूवालिया B). संजय मल्होत्रा C). अशोक लाहिड़ी D). अरविंद पनगढ़िया

Correct Answer: D

**Q.92** **8 मार्च से 13 मार्च, 2026 तक किस देश ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2026 (World Para Athletics Grand Prix 2026) की मेजबानी की?**

Ans A). ब्राज़ील B). भारत C). जापान D). कनाडा

Correct Answer: B

**Q.93** **भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने किस देश की बैडमिंटन जोड़ी को हराकर सिंगापुर ओपन 2026 का पुरुष युगल खिताब जीता?**

Ans A). मलेशिया B). चीन C). जापान D). इंडोनेशिया

Correct Answer: D

**Q.94** **मई 2026 में पद्म विभूषण से गौरवान्वित सुश्री एन. राजम को निम्नलिखित में से किस श्रेणी में सम्मानित किया गया?**

Ans A). कला B). खेल C). साहित्य D). चिकित्सा

Correct Answer: A

**Q.95** **मई 2026 में डेफ-टेक भारत 2026 (DEF-TECH Bharat 2026) का आयोजन निम्नलिखित में से किस शहर में किया गया था?**

Ans A). चेन्नई B). बेंगलुरु C). पुणे D). हैदराबाद

Correct Answer: B

**Q.96** **अप्रैल 2026 में रामसर स्थलों की सूची में निम्नलिखित में से कौन-सा पक्षी अभयारण्य शामिल किया गया था?**

Ans A). नंदूर मध्मेश्वर पक्षी अभयारण्य (Nandur Madhmeshwar Bird Sanctuary) B). भितरकनिका पक्षी अभयारण्य (Bhitarkanika Bird Sanctuary)
C). वेदांथांगल पक्षी अभयारण्य (Vedanthangal Bird Sanctuary) D). शेखा झील पक्षी अभयारण्य (Shekha Jheel Bird Sanctuary)

Correct Answer: D

**Q.97** **वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 (मार्च 2026 में जारी) में कौन-सा देश शीर्ष पर रहा?**

Ans A). स्विट्जरलैंड B). डेनमार्क C). नीदरलैंड D). फिनलैंड

Correct Answer: D

**Q.98** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने बिहार के अल्पसंख्यक युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिजनेस एनालिटिक्स का प्रशिक्षण देने के लिए, अप्रैल 2026 में IIT पटना के साथ किस स्कीम के तहत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

**Ans** A). नई मंजिल स्कीम B). सीखो और कमाओ स्कीम C). PM VIKAS स्कीम D). PMJVK स्कीम

**Correct Answer: C**

**Q.99** वर्ष 2026 में कला के क्षेत्र में किस अभिनेता को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

**Ans** A). जोसेफ विजय (Joseph Vijay) B). गोविंदा (Govinda) C). मामूट्टी (Mammootty) D). पवन कल्याण (Pawan Kalyan)

**Correct Answer: C**

**Q.100** नीति आयोग के "विकसित भारत और नेट ज़ीरो की ओर परिदृश्य" शीर्षक वाले अध्ययन के अनुसार, भारत का लक्ष्य किस लक्ष्य वर्ष तक नेट ज़ीरो (Net Zero) ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन प्राप्त करना है?

**Ans** A). 2050 B). 2070 C). 2060 D). 2047

**Correct Answer: B**

"

oliveboard